पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

कार्यालय
महाप्रबन्धक (कार्मिक)
गोरखपुर –273012

सं० का/254/14/वर्ग चार /कार्मिक/भाग-VIII/(33-1/3%)आँठवा दि०14.12.2021

1.महाप्रबंधक/सतर्कता /गोरखपुर | 2.मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण /गोरखपुर |
3.मुख्य कारखाना प्रबंधक /सिग०कार०/गो०छावनी |
4.मुख्य कारखाना प्रबंधक /पुल कारखाना/गोरखपुर, सांख्यकीय अधिकारी, गोरखपुर |
5.चिकित्सा निदेशक /ल०ना०मि०रेलवे चिकित्सालय ,गोरखपुर |
6.उप मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /सैनिटेशन / ल०ना०मि०रेलवे चिकित्सालय ,गोरखपुर |
7.उप मुख्य इंजीनियर/गो०क्षे० | 8.उप मुसाप्र डिपो/गोरखपुर |
9.उप मुविई/कालोनी, गोरखपुर | 10.अध्यक्ष/आर.आर.सी /गोरखपुर |
11.प्रधानाचार्य /सी0से0स्कूल /बालक इन्टर कॉलेज /बालिका इन्टर कॉलेज ,गोरखपुर |
12.पुस्तकालय सहायक /केन्द्रीय ग्रंथालय, गोरखपुर | 13.सचिव/रेलवे भर्ती बोर्ड /गोरखपुर |
14.वकाधि /निर्माण/सिग्नल कार0 /गोरखपुर | 15.कारखाना कार्मिक अधिकारी /यांत्रिक कार0 गोरखपुर |
16.सकाधि /डिपो /प्रेस /गो0क्षे0/कालोनी/पुल कारखाना /गोरखपुर |
17.सचिव /प्रमुकाधि एवं मुकाधि /प्रशासन सेल ,गोरखपुर |
18.उपमुकाधि/ मुख्यालय/ राजपत्रित /आई.आर ,गोरखपुर | 19.जेनिटर,प्रमुकाधि कार्यालय /गोरखपुर |
20.सभी मुकार्याधि /कार्याधि ,प्रमुकाधि/कार्यालय ,गोरखपुर |

विषय :- कार्मिक विभाग (मुख्यालय इकाई)के अधीन चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी (ग्रुप डी से ग्रुप सी)में 33-1/3% विभागीय पदोन्नति कोटे के अंतर्गत अवर लिपिक लेवल-02 (ग्रेड पे 1900) के रिक्त पदों को चयन के माध्यम से भरने के सम्बन्ध में |

.....

कार्मिक विभाग (मुख्यालय इकाई)के अधीन लिपकीय श्रेणी में उच्च ग्रेड की रिक्तियों सहित 33-1/3% विभागीय पदोन्नति कोटे के अंतर्गत 12 पदों (05 अनारक्षित , 03 अ0जा0 , 04 अ0ज0जा0)को चयन के माध्यम से भरने का निर्णय सक्षम अधिकारी द्वारा लिया गया है | इस चयन हेतु कार्मिक विभाग (मुख्यालय इकाई)के अधीन लेवल-01(ग्रेड पे 1800) में कार्यरत कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं , जिनकी नियमित सेवा 03 वर्ष पूरी हो चुकी हो| यह शर्त अ0जा0 /अ0ज0जा संवर्ग के कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी|

इस चयन हेतु निम्नलिखित अर्हतायें/शर्तें पूरी करने वाले कर्मचारी दिनांक 10.01.2022 तक आवेदन कर सकते हैं :-

1.रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 ई(एन0जी0)I-2003/सी0एफ0पी0/2 दिनांक 22.09.2003 के अनुसार चयन लिखित परीक्षा एवं सेवा रिकॉर्ड के आधार पर होगी, जिसमें 85 अंक लिखित परीक्षा तथा 15 अंक सेवा अभिलेख के होंगे |

2.यदि Relax Standard के अंतर्गत अजा/ अजजा समुदाय का अभ्यर्थी क्वालीफाई मार्क्स अर्जित करने में असफल होता है तथा अजा/ अजजा वर्ग की रिक्ति शेष रहती है तो best among failure की नीति लागू होगी (रेलवे बोर्ड पत्र संख्या 83/E(SCT)/1/8/1 दिनांक 10.09.1995)

3.प्रश्न पत्र के खण्ड "अ" में हिंदी भाषा में कार्यसाधक ज्ञान तथा खण्ड -ब में गणित, सामान्य ज्ञान, मुख्य रूप से रेल संबंधी विषयों तथा उनका रेल सेवा के दौरान परिचालित कार्य संबंधी विषयो पर प्रश्न पूछे जायेंगे |

4. रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आर0बी0ई0 संख्या 196/2018 में दिए गए प्रावधान के अनुसार लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी,जिसमें प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर देने होंगे | चयन में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे | उत्तर हेतु एक ही प्रकार के काले अथवा नीले स्याही वाले पेन का प्रयोग किया जाए |उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार का पहचान चिह्न(जैसे हाईलाइटर,ॐ इत्यादि) नहीं लगाया जाए, यदि किसी उत्तर में नाम अंकित करना पड़े तो इसे ब्लैंक (रिक्त) रखा जाए | (रेलवे बोर्ड के पत्र सं० RBE नं० 194/2019 दिनांक 14.11.2019 के अनुसार निगेटिव मार्किंग नहीं होगी)

क्रमशः2 .....

5.प्रश्न पुस्तिका में उत्तर में किसी भी प्रकार की कटिंग व ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी | कटिंग एवं ओवर राइटिंग किये गए प्रश्नों के उत्तरों का मूलयांकन नहीं किया जायेगा |

6.लिखित परीक्षा में प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषायों में होगा | परीक्षार्थी दोनों में से किसी एक भाषा में उत्तर लिख सकते हैं |परन्तु ऐसे प्रश्न जिनका उत्तर अंग्रेजी में लिखना अपेक्षित है ,इनका उत्तर अंग्रेजी में लिखा जाना होगा |

7. इस चयन की कोई अनुपस्थिति लिखित परीक्षा नहीं होगी | लिखित परीक्षा में 90 मिनट का एक प्रश्न पत्र होगा ,जो दो खण्डों (खण्ड-अ एवं खण्ड-ब) में होंगे | प्रतेक खण्ड 42.5 अंकों के होंगे | अभ्यर्थी को दोनों खण्डों में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा | क्वालीफाइंग मार्क्स 50 प्रतिशत (प्रतेक खण्ड में) सामान्य वर्ग के लिए एवं 40 प्रतिशत (प्रतेक खण्ड में) अ0जा0 एवं अ0ज0जा0 वर्ग की रिक्तियों के लिए आवश्यक है |

8.आईआरएम का कोई अन्य प्रावधान या रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर कैडर पद पर चयन के नियम और शर्तों /लागू अन्य शर्तों के सम्बन्ध में हालांकि इस अधिसूचना में अनजाने में छोड़े गये हैं उन्हें वैद्य और सक्रिय माना जाना चाहिए |

9.चयनित अभ्यर्थियों को पदोन्नति तिथि से दो वर्ष के अंदर हिंदी में 25 शब्द या अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण अर्हता उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा ,जिसके लिए उन्हें दो वर्ष के अंदर टंकण गति परीक्षा के तीन अवसर प्रदान किया जायेगा | टंकण अर्हता प्राप्त करने तक पदोन्नति अनन्तिम होगी |

10.निर्धारित समय सीमा में टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण न करने की दशा में उन्हें उनके पूर्ववर्ती पद पर पदावनत कर दिया जाएगा |

11 .ऐसे कर्मचारी जो टंकण अर्हता पहले से प्राप्त हैं, वे अपने आवेदन पत्र में इंगित कर सकते हैं कि लिखित परीक्षा के क्रम में ही वे टंकण गति परीक्षा देना चाहते हैं ,जिससे की उनकी टंकण गति परीक्षा आयोजित की जा सके |

12.ऐसे कर्मचारी जो टंकण अर्हता पहले से प्राप्त नहीं हैं ,वे दो वर्ष की समय सीमा के अंदर टंकण गति परीक्षा देने के आशय की घोषणा अपने आवेदन पत्र में अवश्य अंकित करें |

13.अधूरे एवं त्रुटीपूर्ण तथा सम्बंधित नियंत्रक राजपत्रित अधिकारी से बिना अग्रसारित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |

14.कर्मचारी इसे लिखित परीक्षा की तैयारी की सूचना समझें | कभी भी अल्प समय की सूचना पर लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी जा सकती है |

15.आवेदन पत्र अपने नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक को जमा करने की अंतिम तिथि 10.01.2022 होगी |इसके बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा आवेदन पत्र कार्मिक विभाग को भेजने की अंतिम तिथि 20.01.2022 होगी |

16.नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक अपने अधीनस्थ सभी सम्बंधित लेवल-01 (ग्रेड पे 1800) के कर्मचारियों को इस अधिसूचना को नोट कराना एवं इसका व्यापक प्रचार- प्रसार कराना सुनिश्चित करें |

उपरोक्त पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है |

संलग्न-आवेदन पत्र का प्रोफार्मा

14/12/2021

(आनन्द कुमार)
सकाधि/मुख्यालय ॥
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1.महामंत्री /एन0ई0रेलवे मजदूर यूनियन, गोरखपुर |
2.महामंत्री /आल इण्डिया ओ0बी0सी0, एस0सी0/ एस0टी0 रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन/गोरखपुर |
3.मुकार्याधि/गोपनीय अनुभाग /प्रमुकाधि कार्यालय ,गोरखपुर |
4.अतिरिक्त प्रति नोटिस बोर्ड

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

आवेदन का प्रारूप

फोटो

कार्मिक विभाग के मुख्यालय इकाई कार्यरत चतुर्थ श्रेणी (ग्रेड पे 1800)लेवल-01 से 331/3% पदोन्नति कोटा का अवर लिपिक (ग्रेड पे 1900)लेवल-02 पद के रिक्तियों को भरने हेतु आवेदन पत्र |

1.नाम(सर्वश्री/श्रीमती/कुमारी) .....

2.पिता/पति का नाम .....

3.समुदाय/जाती का नाम .....
(सामान्य/अजा/अजजा)

4.नियुक्ति तिथि .....

5.टी0एस0 प्राप्ति तिथि .....

6.नियमितीकरण तिथि .....

7.पदोन्नति तिथि .....

8.पदनाम एवं लेवल .....

9.भविष्य निधि संख्या .....

10.कर्मचारी/एनपीएस .....

11.शैक्षणिक योग्यता .....
हाई स्कूल का प्रमाण पत्र संलग्न
इण्टरमीडीएट का प्रमाण पत्र संलग्न

12. टंकण अर्हता सम्बंधित घोषणा .....

13.मोबाइल संख्या .....

मैं प्रमाणित करता हूँ /करती हूँ कि उपरोक्त डी गयी सूचना /जानकारी सत्य है |यदि इसमें कोई असत्यता पायी जाती है तो मेरा /मेरे आवेदन को निरस्त कर दिया जाये |

प्रार्थी

दिनांक-

स्थान-

( )

नाम -

पदनाम -

कार्यालय -

नियंत्रक अधिकारी द्वारा अग्रसारित
(अधिकारी का मुहर)